a2zpapers.com

Exam. Code : 108003
Subject Code : 2525

B.A. (Hons.) 3rd Semester

HINDI

(Adhunik Kavya and Kavya Natak)

Time Allowed—3 Hours] [Maximum Marks—100

खण्ड—क

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग **पचास** शब्दों अथवा **पाँच** पंक्तियों में दीजिए।

1. सर्वेश्वर दयाल सक्सेना की 'धीरे-धीरे' कविता का मूल-भाव क्या है ?
2. सर्वेश्वर दयाल सक्सेना की ख्याति का आधार कौन-सा काव्य ग्रंथ है ?
3. सर्वेश्वर दयाल सक्सेना किस काव्यधारा के कवि हैं ?
4. सर्वेश्वर दयाल सक्सेना की कविताओं का मूल स्वर क्या है ?
5. सर्वेश्वर दयाल सक्सेना किस सप्तक में और कब शामिल किये गये ?
6. दुष्यंत कुमार का पूरा नाम बताइये ?
7. दुष्यंत कुमार के जन्म-मृत्यु का सन् लिखिये।
8. दुष्यंत कुमार के इक कंठ विषपायी का काव्य रूप क्या है ?
9. दुष्यंत कुमार के दो काव्य-ग्रन्थों का उल्लेख करें ?
10. दुष्यंत कुमार के एक कंठ विषपायी का मूलभाव बताइए।

10×2=20

www.a2zpapers.com www.a2zpapers.com
oad free old Question papers gndu, ptu hp board, punjab

a2zpapers.com

खण्ड—ख

यह खण्ड **चार** उपखण्डों में विभक्त है। प्रत्येक उपखण्ड में से निर्देशानुसार **दो-दो** प्रश्नों के उत्तर **पचास** शब्दों अथवा **दो** पृष्ठों में दीजिए। प्रत्येक प्रश्न **6** अंकों का होगा।

उपखण्ड—एक

किन्हीं **दो** की सप्रसंग व्याख्या कीजिए।

1. पेड़ों के झुनझुने
बजने लगे,
लुढकती आ रही है
सूरज की लाल गेंद,
उठ मेरी बेटी, सुबह हो गई।

2. तेरे साथ थक्कर
सोयी थी जो तेरी सहेली हवा,
जाने किस झरने में नहाकर आ गयी है,
गोरे हाथों से छू रही है तेरी तसवीरों की किताब
देख तो, कितना रंग फैल गया।

3. ढोल की लय धीमी होती जा रही है,
धीरे-धीरे एक क्रांति-यात्रा
शव-यात्रा में बदल रही है,
सडांध फैल रही है,
नक्शे पर देश के।

www.a2zpapers.com www.a2zpapers.com
oad free old Question papers gndu, ptu hp board, punjab

a2zpapers.com

उपखण्ड—दो

किन्हीं **दो** की सप्रसंग व्याख्या कीजिए।

1. देखो,
पहले मेरा दिल निकाल कर खाना
फिर दोनों हाथ..........
इन्होंने मुझे
बहुत कष्ट दिया;
ये अगर न होते तो यह जीवन
बड़ी सुगमता से जिया जाता।

2. पर तुम जाने कैसे शासक हो।
और .... जाने कैसी है तुम्हारी यह प्रजा,
ज़रा-ज़रा बातों पर चीखती-चिल्लाती है
शासन के दरवाज़े पीटती है
नारे लगाती है
और शत्रु सेना की तरह घिरी आती है ......

3. दक्ष के यज्ञ में
आमंत्रित थे सभी देव;
था किन्तु उपेक्षित मैं,
पर तुमने दिया ध्यान ?
देवत्व और आदर्शों का परिधान ओढ़
मैंने क्या पाया ?
निर्वासन।
प्रेयसि-वियोग।

www.a2zpapers.com www.a2zpapers.com
ad free old Question papers gndu, ptu hp board, punjab

a2zpapers.com

उपखण्ड—तीन

किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

1. सर्वेश्वर दयाल सक्सेना की किन्हीं दो कविताओं की मूल-संवेदना पर प्रकाश डालें।
2. सर्वेश्वर दयाल सक्सेना की कविताओं के कला-पक्ष की विशेषताएं लिखिये।
3. सर्वेश्वर दयाल सक्सेना की 'काठमाँडू में भोर' कविता के काव्य-सौंदर्य पर प्रकाश डालें।

उपखण्ड—चार

किन्हीं **दो** प्रश्नों का उत्तर दीजिए।

1. दुष्यंत कुमार की 'एक कंठ विषपायी' की भागवत विशेषताओं का संक्षिप्त वर्णन करें।
2. दुष्यंत कुमार की काव्य-भाषा की विशेषताएं लिखिये।
3. दुष्यंत कुमार की 'एक कंठ विषपायी' के शीर्षक की सार्थकता पर प्रकाश डालें। $8 \times 6 = 48$

खण्ड—ग

निम्नलिखत प्रश्नों के उत्तर **एक हजार शब्दों** अथवा **पाँच** पृष्ठों में दीजिए। प्रत्येक प्रश्न 16 अंकों का होगा।

1. सर्वेश्वर दयाल सक्सेना के काव्य में अभिव्यक्त मध्यवर्गीय चेतना पर प्रकाश डालिए।

अथवा

सर्वेश्वर दयाल सक्सेना के काव्य में नई कविता की विशेषताएं कहां तक समाहित हो पाई हैं।

2. 'एक कंठ विषपायी' के काव्य सौंदर्य पर प्रकाश डालें।

अथवा

'एक कंठ विषपायी' में वर्णित पौराणिक संदर्भों की आधुनिक युग में प्रासंगिकता पर सारगर्भित लेख लिखें। $2 \times 16 = 32$

www.a2zpapers.com www.a2zpapers.com
ad free old Question papers gndu, ptu hp board, punjab